युवा पुरस्कार
2017

वर्ष 2017 के युवा पुरस्कार के लिए साहित्य अकादेमी अपने द्वारा मान्यता प्रदत्त समस्त 24 भाषाओं में 35 वर्ष तथा उससे कम उम्र के युवा भारतीय लेखकों एवं प्रकाशकों की पुस्तकों/रचनाओं को आमंत्रित करती है। आवेदक/लेखक की उम्र 1 जनवरी 2017 को 35 वर्ष अथवा उससे कम होनी चाहिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2016 है। पुस्तकों के साथ लेखक की जन्म–पत्र की सत्यापित प्रति जमा करनी होगी। आवेदन जमा करने की अधिक जानकारी http://sahitya-akademi.gov.in/sahitya-akademi/awards/yuva_puraskar_h.jsp से प्राप्त की जा सकती है।

साहित्य अकादेमी ने वर्ष 2011 से भारतीय भाषाओं में 35 वर्ष अथवा उससे कम उम्र के युवा लेखकों को प्रोत्साहित करने हेतु युवा पुरस्कार प्रारंभ किया था। अब तक अकादेमी द्वारा मान्यता प्रदत्त भाषाओं यथा –– असमिया, बाङ्ला, बोडो, डोगरी, अंग्रेज़ी, गुजराती, हिंदी, कन्नड, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयाळम्, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी, राजस्थानी, संताली, संस्कृत, सिंधी, तमिळ, तेलुगु तथा उर्दू में युवा भारतीय लेखकों द्वारा रचित श्रेष्ठ कृतियों को 106 पुरस्कार प्रदान किए जा चुके हैं। ये पुरस्कार एक भव्य समारोह में प्रदान किए जाएँगे, इसमें पुरस्कार विजेताओं को 50,000/– रुपये की राशि, एक ताम्रफलक और प्रशस्ति–पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

युवा पुरस्कार 2017 हेतु प्रविष्टियां भेजने के लिए संपर्क करें :
http://sahitya-akademi.gov.in/sahitya-akademi/awards/award_contact_h.jsp